तीन मास के लिये द्रव्य दिया है, लेकिन तीन करोड़ नहीं दिया। हे राजेन्द्र लाभ होने से लोभ में प्रवृत्ति होती है ॥४८६॥

प्रशांत चित्ताय जितेंद्रियाय
दयार्द्रभावाय गुणान्विताय।
लोकोपकारस्य धृतव्रताय
नमोऽस्तु तस्मै पुरुषोत्तमाय ॥४८७॥

प्रशान्त चित्त, जितेन्द्रिय, दयाप्र भाव गुणी, लोकोपकार के लिये व्रत धारण करने वाले पुरुषोत्तम को नमस्कार है ॥४८७॥

मित्रद्रोही कृतघ्नश्च तथाविश्वास घातक।
त्रयस्ते नरकं याति यावत् चंद्रदिवाकरौ ॥४८८॥

मित्र द्रोही कृतघ्न तथा विश्वासघाती यह तीनों नरक में जाते हैं और जब तक सूर्य चन्द्र रहते हैं तब तक वहीं वास रहता है ॥४८८॥

अहोदुर्जन संसर्गात मान हानी पदे पदे।
पावकोलोह संगेन मुद्गरैरभिहन्यते ॥ ४८९ ॥

आश्चर्य है कि, दुर्जन के संसर्ग से पद पद पर मान हानि होती है लौह के संसर्ग से पावक भी हथौड़ों से पिटती है ॥४८९॥

गवाशनानांस शृणोति वाक्यम्

अहं हिराजन् विदुषां वचांसि।

नचास्य दोषो न च मद्गुणोवा

संसर्ग जादोष गुणा भवन्ति ॥४९०॥

हे राजन् ! यह कसाइयों की बातें सुनता है और मैं ऋषियों की बातें सुनता हूँ, इस बोलने में न इसका दोष न मेरा गुण, संसर्ग से गुण दोष आते हैं ॥४९०॥

परैः प्रोक्ता गुणायस्य निर्गुणोपिगुणींभवेत्।

इन्द्रोपिलघुतांयातिस्वयं प्रख्यापितैं गुणैः ॥४९१॥

जिसका दुसरे वर्णन करते हैं वह निर्गुण भी गुणी हो जाता है। और अपने गुणों का स्वयं वर्णन करने से इन्द्र भी क्षुद्रता को प्राप्त होता है ॥४९१॥

अपेक्षन्ते न च स्नेहं न पात्रं न दशान्तरं।

सदालोकहितासक्ता यथारत्नदीपोत्तमाः ॥४९२॥

जिस प्रकार उत्तम रत्नरूपी दिवा स्नेह पात्र रवि दशान्तर को न देखता हुआ भी उजाला ही देता है ठीक उसी प्रकार साधु भी, स्नेहुपात्र आदि का ध्यान रखते हुये सर्वदा लोक कल्याण में लगा रहता है ॥ ४९२ ॥

तृतीय भाग।

❋ वाण प्रस्थ-कपिल गीता ❋

५।२१

अहं सर्वेंषु भूतेषु भूतात्माऽवस्थितः सदा।
तमवज्ञायमांमर्त्यः कुरुतेऽर्चाविडंबनम् ॥ २१ ॥

सब जीव मात्र में भूतात्मा मैं सदा स्थित रहता हूँ। मेरी अवज्ञा करके जो पुरुष केवल मूर्ति पूजा करता है वह केवल विडम्बना मात्र है ॥ २१ ॥

योमां सर्वेंषु भूतेषु संतमात्मानमीश्वरम्।
हित्वार्चां भजते मौढ्याद्भस्मन्येव जुहोतिसः ॥२२॥

सबके शरीर में व्यापक ईश्वर को छोड़ कर जो पुरुष पूजा करता है वह मूर्खतावश राख में हवन करता है ॥ २२ ॥

द्विषतः परकायेमां मानोनोभिन्न दर्शिनः।
भू तेषुबद्ध वैरस्य न मनः शांति मृच्छति ॥२३॥

सब प्राणियों की देह में विराजमान मुझ परमेश्वर से जो द्वेष करता है ऐसे उन प्राणियों का मन कभी शान्त नहीं होता २३

ज्ञान भण्डार

भाग ३

मनुस्मृति वानप्रस्थ प्रकरण

एवं ग्रहाश्रमेस्थित्वा विधि वत्स्नातको द्विज।
वने वसेत् नियतो यथा वद्विजितेंद्रियः ॥ १ ॥

इस प्रकार स्नातक ब्राह्मण विधि पूर्वक घर में रह कर जितेन्द्रिय हो बनवास ले ॥ १ ॥

ग्रहस्थ स्तयदापश्ये द्वलिपलित मात्मनः।
अपत्य स्यैव चापत्ये तदारण्यं श्रमा श्रयेत् ॥२॥

गृहस्थ जब सफेद बाल आते देखें तो पुत्र पौत्रादिकों को घर बार सौंप अरण्य में चले जांय ॥ २ ॥

संत्यज्य ग्राम्य महार सर्व चैवपरिच्छदम्।
पुत्रेषुभार्यां निक्षिप्य वनंगच्छे त्सैह्यवा ॥ ३ ॥

ग्रमाय की सर्व वस्तुओं का त्याग कर और स्त्री को पुत्रों को सौंप वन को चले जांय अथवा उसे भी साथ ले जांय।३

अग्निहोत्रं समादाय गृह्य चाग्नि परिच्छदम्।
ग्रामादरण्यं निःसृत्य निवसे नियतेन्द्रियः ॥ ४ ॥

अग्नि होत्र की सामग्री लेकर बन में चला जाय एवं नियम पूर्वक जितेन्द्रिय होकर बन को चले जांय ॥ ४ ॥

वसीतं चर्मचिरंवासायं स्नात्वा त्रगेतथा ।
जटाश्चविभृयानित्यंश्मश्रुलोमनखानिच ॥ ५ ॥

मृग चर्म पहिरे अथवा टाट पहिरे दोनों समय स्नान करें। जटा, नख, दाढ़ी, नखादि न कटावें ॥ ५ ॥

अग्नि नात्मनि वैतान्स मारोप्ययथाविधि ।
अनग्नि रनिकेतः स्यान्मुनि मूल फलाशनः ॥ ६ ॥

अग्नि का अपनी आत्मा में आरोप कर अग्नि से रहित हो मुनि वेष धर फलाहार कर रहे ॥ ६ ॥

अप्रयन्तत सुखार्थिषु ब्रह्मचारी धराशयः ।
शरणेश्वमभयश्चैव वृक्षमूल निकेतनः ॥७॥

सुख के लिये प्रयत्न न करे ब्रह्मचारी रहे। पृथ्वी पर शयन करे, ईश्वर शरण में जाकर निर्भय बृक्षमूल में रहे ॥ ७ ॥

तापसेष्वे विप्रेषु यात्रिकं भैक्ष्य माहरेत् ।
ग्रहमेधिषु चान्येषु द्विजेषुवनवासिषु ॥
ग्रामादाहृत्य वाष्नियात् दष्टोग्रासान्वने वसन् ।
प्रतिगृहेपुटे नैवपाशिनाशक तेनवा ॥ ८ ॥

बन में तपस्वी ब्राह्मणों के यहां से भिक्षा ले आवे अन्य

बनवासी द्विजों के घर से तथा ग्राम से भिक्षा लाकर भी ८ ग्रास करे ॥ ८ ॥

एताश्चान्याश्चसेवेत दीक्षाविप्रोवने वसन् ।
विविधाश्चोपनिषदि रात्मसंसिध्ये श्रुति ॥ ९ ॥

यह तथा अन्य दीक्षा धारण कर मोक्ष के लिये पृथक् २ उपनिषदों तथा श्रुतियों को पढ़े ॥ ९ ॥

वनेषु विहृत्येषु तृतियं भाग मायुषः ।
चतुर्थ मायुषोभागं त्यक्त्वा संगान्परिब्रजेत् ॥१०॥

इस प्रकार आयु का तीसरा भाग वानप्रस्थ आश्रम में बिता कर पीछे अग्नि होत्र और स्त्री को छोड़ कर संन्यास धारण करे ॥ १० ॥

अधित्य विधिवद्वेदान् पुत्रांश्चो त्पाद्य धर्मतः ।
ऋणानि त्रिणपा कृत्य मनोमोक्षे निवेशयेत् ॥११॥

विधिवत् वेदाध्ययन कर, धर्म पूर्वक पुत्रादि उत्पन्न कर, देव ऋषि और पितृ ऋण से मुक्त हो मोक्ष की अभिलाषा करे ॥११॥

इष्टाचशक्तितोयज्ञै मनोमोक्षेनिवेशयेत् ।
अनताकृतमोक्षंत सेवमान ब्रजत्यधः ॥ १२ ॥

यथा शक्ति यज्ञ करके ही मोक्ष मार्ग का अनुसरण करे अन्यथा नरकगामी होता है ॥ १२ ॥

वक्तं चान्नं समश्नया दिवा वाहृत्य शक्तितः ।
चतुर्थकालकावो स्यात् स्यादप्यष्टकालकाः ॥१३॥

संन्यासि रात्रि या दिन में यथा शक्ति भोजन करे चतुर्थ प्रहर में या षष्ठम प्रहर में ॥ १३ ॥

यद्भक्ष्यंस्यात्ततादेद्यात्बलिंभिक्षाचिशक्तितः ।
अमूलफलमित्र भिर रर्चियद् आश्रमागतात् ॥१४॥

जो स्वयं भोजन करे अथवा मूल फल कन्द आदि से आश्रम पर आये हुये अतिथि का सत्कार अवश्य करे ॥ १४ ॥

आश्रमाद् श्रमंगत्वाहृत होमोजितेंद्रियः ।
भिक्षावली परिश्रांतः प्रव्रजम्र् प्रेत्यवर्धते ॥१५॥

जब होम, भिक्षा बलि आदि से परिश्रान्त हो जाय तो एक आश्रम से दूसरे आश्रम में जाकर शान्ति लाभ करे ॥ १५ ॥

॥ इति वान प्रस्थाश्रम ॥

अभ्यासने वेमानाम् आचारस्य च वर्जनात् ।
आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युविर्प्रांजिघांसति ॥१६॥

वेदों के न पढ़ने से आचार त्याग तथा आलस्य और अन्य दोष से मृत्यु ब्राह्मण का नाश करता है ॥ १६ ॥

वेदस्मृतिसदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
एतत् चतुर्विधंमाहुः साक्षात् धर्मस्य लक्षणम् ॥१७॥

युद्ध में हिंसा का दोष नहीं ॥ १७ ॥

एतद्वैतनक्षरंगार्गिब्राह्मणा अभिवदंति ।

अस्थूलमनण्व ह्रस्व मदीघ मलोहिं मस्नहे ॥१८॥

वेद, स्मृति, सदाचार और स्वात्म प्रिय कर्म यह धर्म के साक्षात चार लक्षण हैं ॥ १८ ॥

यच्छाय मनसोवाय्व नाकाश मसंग परसेमगंध ।

मचक्षुमश्रोत्र मवगमनोऽतेजस्जकमप्राणप्रमुखममात्रं

स्तएयवा अक्षरस्य प्रशासनेगार्गिद्यावा पृथिव्योविधृत ॥१६॥

हे गार्गि ! ब्राह्मण जिसकी पूजा करता है वह अविनाशी ब्रह्म है। वह न ह्रस्व न अणु न दीर्घ लोहित, अस्नेह, अगंध, अचक्षु, बिना माता, वाणी, तेज, मन आदि से रहित प्राण प्रमुख मात्र है ॥ १९ ॥

पुंखानुंपुंखविषये अणतत्परोऽपि-

ब्रह्माव लोक नधियनजहातियोगी।

संगीत नृत्यलवसंगताऽपि मौलीस्थकुंभ

परिक्षण धीन टीवकारः ॥२०॥

हे गार्गि ! इसी अविनाशी पुरुष के शासन से स्वर्ग और पृथ्वी स्थित है ॥ २० ॥

यस्तुविज्ञानवानभवतिसमनस्कः सदाशुचि ।
सतुतत्पदमाप्नोति यस्मात् भूयोन जायते ॥२१॥

सांसारिक बहिर विषय भोगों को देखते हुये भी योगी ब्रह्म भाव का त्याग नहीं करता, जैसे सगीत, ताल, नृत्य लय का ध्यान रखते हुये भी नाचने वाली शिर के घड़े की रक्षा का ध्यान रखती है ॥ २१ ॥

शान्तोदान्त सुपरत स्तितिक्षुः समहितो ।
भूत्वाआत्मन्यत्रोत्मानं पश्यति ॥ २२ ॥

जो ज्ञानवान शुद्ध चित्त तथा स्ववशेन्द्रिय है वह उस पद को प्राप्त करता है जहां से फिर पैदा नहीं होता ॥ २२ ॥

संसारिक सुखसक्तं ब्रह्मज्ञस्मितिवादिनम् ।
कर्मब्रह्मोभयभ्रष्टं नत्मजदेन्यजंयया ॥३२॥

शान्त, कान्त और तितिक्ष। आरत से युक्त पुरुष आत्मा में ही परमात्मा को देखता है ॥ २३ ॥

सत्यंज्ञान मनन्तब्रह्मयोवेदंनिहितंगुहायां परमेव्यो ।
मनन्नूसोश्नुते सर्वात्कामान्तुसहब्रह्मणा विपश्चिता ॥२४॥

सांसारिक सुखों में आसक्त 'मैं ब्रह्मज्ञ हूँ' ऐसा कहने वाले स्वयं भ्रष्ट को त्याग दें ॥ २४ ॥

सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूयगुवाशयः ।
सर्वंकोपिसमभगवान तस्मात्सर्वंनतः शिवा ॥२५॥

जो सत्य स्वरूप ज्ञान स्वरूप और अनन्त स्वरूप ब्रह्म को अपनी आत्मा के परमाकाश में देखता है वह ब्रह्माकार होकर सर्व सुख भोग करता है ॥ २५ ॥

नैनमूर्ध्वं नतिर्यंञ्च ननध्येपरिजग्रमत् ।
नतस्यप्रतिमाअस्तियस्यनाममहद्यशः ॥२६॥

उसका मूल शिर और ग्रीवां सर्वत्र है सर्व प्राणियों की आत्मा में उसकी जगह है। वह सर्व व्यापक होने से सर्वत्र पहुंचता है और वह मंगलमय हैं ॥ २६ ॥

वस्तुविज्ञानवानभवतियुक्तेनयनसा सदा ।
तस्येन्द्रियाणिसवयानिसदस्वाइव सारथे ॥२७॥

उसे ऊपर नीचे टेढ़े से कोई पकड़ नही सकता इसलिये उसकी प्रतिमा नहीं और उसका नाप यह अंश है ॥ २७ ॥

अमृतं चैव अगत्यश्च द्वयंदेहेप्रतिष्ठितम् ।
मृत्युरायपद्यते मोहात्सत्येनापद्यतमृतम् ॥२८॥

जो ज्ञानवान अपने मन को वश में रखता है वह सार्थी की तरह अपनी इन्द्री रूपी घोड़ों को अपने कब्जे में रखता है ॥२८॥

पठन्तुशास्त्राणियजन्तुदेवान्कुर्वन्तुकर्माणि भजन्तुदेवताः ।
आत्मैकबोधेनविनापिमुक्तिर्नसिध्यतिब्रह्मशतान्तरेऽपि॥२९॥

शास्त्र पढ़ो, यज्ञ करो, शुभकर्म करो, देवताओं की सेवा करो, परन्तु आत्मबोध विना सैकड़ों युग में भी मुक्ति न मिलेगी ॥ २९ ॥

ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या जीवोब्रह्मैवनापरः ।
इतियस्यदृढ़ा बुद्धिसमुक्तोनात्र संशयः ॥३०॥

ब्रह्म सत्य है जगत मिथ्या है जीव ब्रह्म के भिन्न नहीं है ऐसा जिसका दृढ़ निश्चय है वह मुक्त ही है इसमें संशय नहीं ॥ ३० ॥

कुशला ब्रह्मवार्त्तायाम् वृत्ति हीनाः सुरागिणः ।
कलौ वदोन्तिनीभांति फाल्गुने बालकाइव ॥ ३१ ॥

ब्रह्म वार्ता में कुशल वृत्ति हीन रागी ऐसे अनेक वेदान्ती कलियुग में है जैसे पत्र गण में बालक कहते हैं ॥ ३१ ॥

आत्मा प्रकाशकः स्वेच्छो देहस्तामसमुच्यतो ।
तयोरैक्यं प्रयश्यंति किम ज्ञानं प्रपश्यते ॥ ३२ ॥

आत्मा स्वेच्छ प्रकाश स्वरूप हैं और शरीर तामस है उनको एक रूप से देखने वाला क्या अज्ञान नहीं देखता अपितु वह अज्ञानी ही है ॥३२॥

नमोऽचो नभसः पृष्ठेनपाताल भूतले ।
अज्ञान हृदय ग्रंथी नाशो मोक्षइति स्मृतः ॥ ३३॥

आकाश, पाताल या पृथ्वी में नहीं है अपितु हृदय से अज्ञा का नाश होना ही मोक्ष है ॥ ३३ ॥

मृदांभार सहस्त्रेषु कोटिकुंभ जलेस्तथा ।
कृत शौच अशुध्यात्मा स चांडाल इति स्मृतः ॥ ३४

हजारों भार मिट्टी तथा करोड़ों घड़े जल से से शुद्ध पर भी अशुद्ध मन वाला चाण्डाल के तुल्य है ॥३४॥

यथा पूर्वं माया परिकलित दृष्टि निज सुखं ।
स्वयै भातं अपि न परिपश्यति सहजम् ॥
तथेदानीज्ञानां जन विमल चक्षुजंगदिदं ।
चिदा काशेपश्यन्नपि न परिपश्यामिपितथा ॥३५

जिस प्रकार पूर्व माया के प्रभाव से आत्म सुख प्राप्त होता लेकिन जब उसने ज्ञानाञ्जन आंजा और चिदा को देखा तो अज्ञान नष्ट हुवा ॥३५॥

अंतस्थ तिमिर नाशायशब्द बोध निरथंकम् ॥ ३६

अन्तस्थ अन्धकार के नाश के लिये शब्द बोध निर है ॥ ३६ ॥

अमुष्य संसार नरोरबोध मूलस्य नोन्मूल विनाशनाय ।
विश्वेश्वराराधन बीजजाता तत्वाय बोधाद्नपरोभ्युपाय॥३७॥

इस संसार रूपी वृक्ष को नष्ट करने के लिये विश्वेश्वर के आराधन के अतिरिक्त कोई उपाय नही ॥३७॥

स्नानं तेन समस्त तीथ सलिले सर्वापिदत्तावनी ।
यज्ञानां च सहस्त्रमिष्टमखिला देवाश्च संपूजिता ॥
संसाराच्च समुधना स्वपितर स्त्रैलोक्यपूज्योप्यसौ ।
यस्य ब्रह्मविचारणेक्षण मपिस्थैर्यं मनः प्राप्नुयात्॥३८॥

उसने सर्व तिर्थों में स्नान कर लिया. सम्पूर्ण पृथ्वी दान मे देदी, हजारों यज्ञ कर लिये समस्त देव पूजन कर लिया, संसार सागर में अपने पितरों का उद्धार कर लिया. वह त्रैलोक्य पूज्य हो गया जिसका मन एक क्षण भी ब्रह्म में विचार स्थिर हो गया ॥३८॥

सम्यग्दर्शन संपन्नं कर्मभिर्न निबध्यते ।
दर्शनेन विहो नस्तु संसारं प्रतिपद्यते ॥ ३९ ॥

जिसने अच्छी प्रकार दर्शन कर लिया वह कर्म बन्धन में नही फंसता जो दर्शन विहीन हैं वह संसार बन्धन में पड़ने है ॥ ३९ ॥

तंदुर्दर्श गूढ मनु प्रविष्टं गुहाहितं गव्हरेष्टं पुराणं।
अध्यात्म योगाधि गमेनदेव मत्वाधीरो हर्ष शोकं जहाति॥४०

जिसका दर्शन दुर्धर और आप्रत्यक्ष है, वह गुहा में स्थि
आच्छादित है। उसका अध्यात्म तत्व से प्रत्यक्ष होता है. उ
देव को जान कर धीर पुरुष हर्ष शोक को तज देता है ॥४०॥

पठका पाठकाश्चैव ये चान्ये शास्त्रचिंतका।
सर्वेव्यसनीनोमूढाः यः क्रियावान सपंडितः ॥४१

पढ़ने वाला पाठ करने वाला तथा अन्य भी शास्त्र चिंत
सब कव्यसती और मूढ़ हैं लेकिन जो क्रियावान हैं वही पण्डि
है ॥ ४१ ॥

सांग श्रुतौ पुराणकंठो वेदान्त तर्क अपियोग मिमांसा।
ज्ञातास्मते निखिल संशया शैलवज्र।
स्वात्माव बोध विफलोपाकदर्वि ॥ ४२ ॥

सम्पूर्ण पुराण वेद कंठ हो पुराण न्याय मीमांसा आदि
सबको जानने वाला यदि आत्मज्ञ नहीं तो कड़न्द्री के सदृ
निष्फल है ॥४२॥

सुचिंतितं औषधमातुराणां न नाम मात्रेण करोत्यरोगम्॥४३

उत्तम औषध भी रोगी को नाम जप से ही निरोग नहीं
करती ॥४३॥

अविदित परमानन्दो वदति जनो विषमेव रमणीयं ।
तिल तैल मेव मृष्टं येनन दृष्टं घृतं क्वापि ॥ ४४ ॥

जिसने परमानन्द को नहीं जाना वह विषयों में रमण करता है क्यों कि जिसने घृत नहीं देखा वह तेल की ही प्रशंसा करता है ॥४४॥

मीन स्नानरताः फणीयवनभुक् मेषस्तु पर्णाशनाः ।
नीराशः खलुयाचका प्रति दिनं शेते बिले मूषका ॥
भस्मोन्धुल न तत्परो ननुखरोध्या नाधिरुढः बकः ।
सर्वे तेन प्रयांति मोक्ष पदवीं भक्ति प्रधानं तपः ॥ ४५ ॥

मीन निरन्तर स्नान में रहता है, सर्प हवा तथा मेढ़ा पत्ते खाता है। याचक प्रतिदिन निराश होता है. चूहा बिल में सोता है, खर सर्वदा भष्म (धूल) में मस्त रहता है बक सर्वदा ध्यान में तात्पर रहता है फिर भी मुक्त नहीं होता इसलिये भक्ति प्रधान तप ही मोक्षका कारण है ॥४५॥

अत्यन्त मलीनो देह देही चात्यन्त निर्मलः ।
उभयोर्यन्तरं ज्ञात्वा कस्यशौचं विधियते ॥ ४६ ॥

देह अत्यन्त मलिन है देही अत्यन्त निर्मलहै दोनों का अन्तर जान कर कहां किसका शौच करना चाहिये ॥४६॥

मुक्तिःमिच्छसि चेतात विषयान विषवत्यज ।
क्षमार्जवदयातोष सत्यं पीयुष वद्भज ॥ ४७ ॥

" हे भाई यदि मुक्ति चाहते हो तो विषयों को विष की तरह त्याग करो, तथा क्षमा, आर्जव, और सन्तोष का अमृत की तरह सेवन करो ॥४७॥

ज्ञानामृतेनतृप्तस्य कृतकृत्यस्ययोगिनः ।
नैवास्तिकिंचित्कर्तव्य मस्तिचेन्न स तत्व वित् ॥ ४८ ।

ज्ञानामृत से तृप्त कृतकृत्य योगी का कुछ कर्तव्य नहीं क्यों कि वह तत्ववित है ॥४८॥

निः संकल्पो यथाप्राप्त — व्यवहार परोभव ।
क्षये संकल्प जालस्य जीवो ब्रह्मत्व माप्नुयात् ॥४९॥

निसंकल्प होकर जो स्वं ये प्राप्त भोगों को भोगे जाल के क्षीण होने से वह जीव संकल्प ब्रह्म हो जाता है ॥४९॥

यदा नाहं तदा मोक्षोय दाहं वंधनं तदा ॥ ५० ॥

जहां तक मैं हूँ वहां तक बन्धन है जहां मैं नहीं वहां मोक्ष है ॥५०॥

न मोक्षो नत्रेसः पृष्ठेपाताले चान्यभूतले ।
संसयस्यक्षये चित्तक्षयो मोक्ष इतिस्मृतः ॥ ५१ ॥

मोक्ष आकाश पाताल या पृथ्वी पर नहीं अपितु चित्तका संयश क्षीण होना ही मोक्ष है ॥५१॥

सानुरागां स्त्रियं दृष्ट्वा मृत्युं वा समुपस्थितं ।

अविह्वलमनो स्वस्थो मुक्त एव महाशयः ॥ ५२ ॥

स्त्री अथवा काल को देख कर जिसका मन चलायमान नहीं होता वह ज्ञानी मुमुक्षु है अर्थात् वह सर्वत्र एकाकार दृष्टि रखता है ॥५२॥

परिग्रहेषु वैराग्यं प्राया मूढस्य दृश्यते ।

देहे विगलिताशस्य क्वरागः क्वविरागता: ॥ ५३ ॥

प्राय मूढ़ पुरुषों को परिग्रह में वैराग्य दिखायी देता है। शरीरादि "स्व" में नहीं, लेकिन जिसका देहाध्यास नष्ट हो गया उसके लिये क्या त्याग और क्या विरागता सर्वत्र तदाकार देखता है ॥ ५३ ॥

नाभि नंदति मरणं नाभिनंदेति जीवीतम् ।

कालमेव प्रतितेत, निंदर्शमृतकोवे ।। ५४ ॥

न मरने की इच्छा करे न जीने की काल का अवलोकन करता रहे कि किस समय क्या होता है ॥५४॥

अधमा प्रतिमा पूजा जयहोमाश्च मध्यम ।

उत्तमा मानसी पूजा सोऽहं पूजा महात्मानाम् ॥ ५५ ॥

मानसी पूजा उत्तम है, और महात्माओं की पूजा तो सोऽहं है ॥ ५५ ॥

देहोदेवालया प्रोक्ता जीवोदेवसदा शिव ।
त्यजेत् अज्ञान निर्माल्यम् सोहं भावेन पूजयेत् ॥५६॥

देह का देवालय और जीवको सदाशिव देव कहा है । अज्ञान निर्माल्य को छोड़ सोऽहं भाव से उसे पूजना चाहिये ॥५६॥

अभेद दर्शनं ज्ञानं ध्यान निर्विशयं मनः ।
स्नानं मनामल त्यागं शौच इन्द्रिय निग्रहः ॥ ५७ ॥

अभेद दर्शन ही ज्ञान हैं, मन का निर्विषय होना ही ध्यान है मन का मैल त्याग स्नान और इन्द्रिय निग्रह ही शौच हैं ॥५७॥

ब्रह्मानंदं पिवेत भैक्ष्यं आहारे देह रक्षणे ।
इत्येवमाचरेत् विद्वान् स एव मुक्ति माप्नुयात् ॥५८॥

ब्रह्मानन्द का पान और भक्षण करे एवं देह रक्षण के लिये आहार करें, बुद्धिमान व्यक्ति इतना ही करे तो मुक्ति प्राप्त हो ॥ ५८ ॥

ना पुत्राया शिष्यावै पुनः ।
योवाए तदक्षरं गार्ग्य विदित्वा
स्माल्लोकान्प्रेति सकृपणः ॥ ५६ ॥

शिष्य यदि भाव रहित हो तो उसे ब्रह्म विद्या का उपदेश न दे हे गार्गि ! जो इस लोक से आत्मा को बिना जाने जाता है वह कृपण है ॥ ५९ ॥

तरति शोकं आत्मवित् ॥६०॥

आत्मज्ञ पुरुष ही शोक से परे है ॥६०॥

निरोग उपविष्टोवा रुग्णो वा विलुठन्भुवि ॥
मूर्छितोवा त्यजत्येष ।
प्राणान्भ्रान्ति न सर्वथा ॥६१॥

ब्रह्मवेत्ता निरोग हो अथवा रोग युक्त हो भूमि पर पड़ा हो अथवा मूर्छित हो प्राणों का त्याग कर दे तो भी वह ब्रह्म वेत्ता ही वहां अविधा नहीं चमकता ॥६१॥

यावन्नैव प्रविचरति चरत् मारुतोमध्यमार्गे ।
यावत् विंदुर्न भवति दृढ प्राणवतः प्रबंधात् ॥
यावध्याते सहज सदृसं जायतेनैव तत्वम् ।
तावत् ज्ञानं वदति तदिदं दंभ मिथ्याप्रलाप॥६२॥

जब तक चलता वायु मध्य मार्ग (सुषुम्ना) में प्रवेश नहीं करता, तब तक विन्दु प्राण वायु ब्रह्म रंध्र में स्थिर नहीं होता। जबतक ध्यान में प्रकाशमय तत्त्व प्रत्यक्ष नहीं होता तब तक यदि ज्ञान प्राप्ति कही जाती है तो वह प्रलाप मात्र है ॥६२॥

द्रव्यस्यागेतु कर्माणि भोगत्यागे व्रतान्यपि ।
सुख स्यागे तपो योगो सर्व त्यागी समापना॥६३॥

द्रव्य त्यागने पर कर्म भोग त्यागने से व्रत, सर्व प्रकार का सुख त्याग ने से तप और तत्व योग प्राप्ति होती है ॥६३॥

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो नमेधया न बहुना श्रुतेन।
त्यागे नेकेनामृतत्व मानशु प्राप्त (कठोपनिषद्)॥६४॥

यह आत्मा वालो मेधा या बहु श्रुत लभ्य नहीं यह तो सिर्फ एक त्याग से ही प्राप्त होती है ॥६४॥

यो वैभूमानत्सुखम् नाल्पे सुखमस्ति ॥६५॥

ब्रह्म दशा में ही सुख है अल्प में नहीं ॥६५॥

अविज्ञा तमविजानतां विज्ञातमयिजानतां॥६६॥

जो कुछ नहीं जानता वह उसे जानता है जो सब कुछ जानता है व उस नहीं जानता ॥६६।

तस्ये तपोदमः कर्मेति प्रतिष्ठा वेदाः ।
सर्वाङ्गा निसत्यमायतनं ॥ ६७ ॥

उसकी तप, दम, कर्म ये प्रतिष्ठा है वेदों के सर्वांग और सत्य उसके घर हैं ॥६७॥

यद हरये विरजेत्तद हरेव प्रव्रजेत् ॥६८॥

जिस दिन पक्का वैराग्य हो। उसी दिन गृह त्याग कर दे ॥६८॥

इह चेद वेदीदथ सत्यमस्ती।
न चे दिहा वेदोन्महति विनष्टि ॥ ६९ ॥

यदि इस शरीरर में ब्रह्मप्राप्ति हुई तो ठीक नहीं तो अमूल्य रत्न खोया समझो ॥६९॥

असतो माद्सग मय तमसो मा ज्योतिर्गमय।
मृत्योर्मा अमृतं गमय "(श्रुति) ॥ ७० ॥

असत्य में से सत्य प्राप्त कर, अन्धकार त्याग प्रकाश में आओ मृत्यु से अमृत प्राप्त कर ॥७०॥

पूर्वं निरतरंभ्यस्त ब्रह्मै वास्मितिवासना।
हरत्य विद्या विक्षेपान् रोगानिव रसायनम् ७१

अहं ब्रह्मास्मि' इस निरन्तर-अभ्यास रूपी वासना रसायन से सर्व भाव रोगों को नष्ट होजा हैं ॥७१॥

देहास्म बुद्धिजं पापं न तद् गोवध कोटिभिः
आस्माहं बुद्धिजं पुण्यं न भतो न भविष्यति॥७२॥

मैं देह हूं ऐसी बुद्धि करना करोड़ों गो वध के पाप के समान है। मैं आत्मा हूं ऐसी बुद्धि के समान और कोई पुण्य नहीं॥७२॥

अमन्य मानः त्त्रिय कश्चिद्न्य ।
नाधोयतेनाण इवास्य व्याधः ॥
क्रोधाल्लोभान्मोह भयान्तरात्मा ।
सवै मृत्युस्त्यच्छरोरे यएषाः ॥ ७३ ॥

कोई अविवेकी परमात्मा सम्बन्धी अध्यात्म शास्त्र को नहीं जानता और षडङ्ग वेद को जानता तो उसे देहाध्यास निरर्थक है।क्रोध लोभ मोह यह तुम्हार शरीर में मृत्यु है ॥७३॥

असं मानात्तपो संमानात्तुतपः त्त्ययः ।
अर्चित पूजितो विप्रोदुग्धा गौरीवसोदति ॥७४॥

सम्मान से तप बृद्धि और सम्मान से तप त्त्य होता है, इसलिये अर्चन पूंजन को जो राग पुर्वका ग्रहण करता है वह पुरुष सम्पूर्ण दुही हुई गउ की तरह दुःखी होता है ॥७४॥

भोगेनत्वितरेक्षययित्वा संपद्यते ॥ ७५ ॥

भोग के पाप पुण्य को क्षय करके परमात्म स्वरूप में अनेक प्राप्त होता है ॥७५॥

सन्यांक्षितौ किंकशो पूत्रद्या सैषह्वि ।
स्वसिद्धे ह्युप वर्हणैः किं ॥
सत्यं ज्ञलौ किं पुरुधा न्नया ।
स्यादिक् वल् कलादै सति किंदुकुलै ॥ ७६ ॥

जमीन रूपी खाट रहने से खाट की क्या जरूरत। हाथ रूप तकिया रहने से तकिया की क्या जरूरत, हाथ रूपी पात्र रहने से जलपात्र की क्या जरूरत वल्कल रूपी वस्त्र रहने से वस्त्र की क्या अपेक्षा करना ॥७६॥

चिराणि किं पथिनं सन्ति दिशन्ति।
भिक्षां नैवां घृपापर भृतः सरिताप्यशुष्यन् ॥
रुद्धां गुहाक्किमजितऽवतिनोप सन्नान।
कस्मात् भजन्ति कवभोधन दुर्मदान्धान् ॥७७॥

क्या रास्ते में पड़े फटे पुराने कपड़े नहीं ? क्या वृक्षों ने भिक्षा देनी छोड़ दी। क्या नदियों में अमृत रूपी जल सूख गया है क्या गुफाऐं बन्द हो गई फिर यति धनाढ्य व्यक्तियों की सेवा क्यों करते हैं ॥७७॥

कर्मणा तेन तेनैषा विस्तारं मनुगच्छति।
दोषा विष वेगस्य यत् क्षोर विस्तरायते ॥७८॥

लक्ष्मी दैविक कर्म यज्ञादि से नहीं बढ़ती, अपितु घूत चोरी आदि दोषों से लक्ष्मी विस्तृत होती. है अर्थात लक्ष्मी पाप कराती है ॥ ७८ ॥

एतवैन मात्मानं विदित्वा ब्राह्मणा।
पुत्रेषणा, याश्चवित्तषण याश्च लोकेषणा ॥

याश्चव्युत्थायाथों भिक्षाचर्यं चर्यं चरंति ॥ ७९ ॥

इस आत्मा को जानकर विद्वान, पुत्र, धन, लोक की इच्छा से उत्थान पाकर भित्ता वृत्ति से रहते हैं ॥ ७९ ॥

विरस्ता तिशया नंदं वैष्णवं परमं पदं ।
पुनरा वृत्ति रहितं कैवल्यं प्रति पद्यते ॥ ८० ॥

निरति शया नंद वैष्ण पदको प्राप्त कर पुनरावृत्ति रहित कैवल्यधाम को प्राप्त करता है ॥ ८० ॥

कृध्यं तमं प्रतिकृध्येदा कृष्टः कुशलं वदेत् ।
अतिवादां स्तितिक्षेत्त तु वमन्येत कंचनः ॥८१॥

कोई क्रोध करे तो उसकी साथ क्रोध नहीं करे, कोई निन्दा करे तो उससे कहो तुम्हारा कुशल हो, अत्यन्त बोले तो त्तमा एवं किसी का उपकार नहीं करना ॥ ८१ ॥

वन्नसन्तं न चासन्तं ना श्रुतं नाबहु ।
श्रुतं नसुकृतं नदुर्वृत्तां वदेकेश्चित्सवैयति ॥८२॥

जिसको न सदाचारी न दुराचारी न अधम न उत्तम कुछ भी नहीं गिनाता ॥ ८२ ॥

नमेवैकं जानथ आत्मा म मन्या वाचो विमुंचथ ।
नानुध्यायंद् बहुशब्दात् वाचोवि विग्लापं हितम् ८३

जो आत्मा को जानता है और कुछ वाणी से नहीं कहता

क्योंकि वाज़ी काम रूर है। इसी लिये वह अपना सिद्धान्त औरों के आगे नहीं रखता ॥ ८३ ॥

आत्मानं चेद्विजानी यादयमस्मिति पुरुषः।
किमिच्छिन् कस्य कामापशरीरमनु संज्वरेत् ८४

मैं 'आत्मा हूँ" इस प्रकार जो आत्मा को जानता है वह और न किसी की इच्छा करता और न किसी की कामना से शरीर को सुखाता है ॥ ८४ ॥

अंतः शीतलतायातु लब्धायां शीतलं जगत्।
अंतस्तृष्णो पतप्तानां दाव दाह मिदं जगत्॥८५

आन्तरिक शीतलता जिसने प्राप्त करली उसके लिये ससार शान्त है, जिसके अन्तः करण में उष्णता है उसके लिये संसार भी तप्त है ॥ ८५ ॥

दर्शना दर्शने हित्वा स्वयं केवल रुपतः।
यस्तिष्ठति सतु ब्रह्मन् ब्रह्मेव ब्रह्म वित् स्वयम्॥८६॥

दर्शन तथा अदर्शनका त्याग करके जो अद्वैत वादी रहता है वह पुरुष स्वयं ब्रह्म है ॥ ८६ ॥

सन्यास दशा

शीतनि वाणार्थ

कौपिन युगलं वासः कथा शीत निवारिणिं पादुके।
चापि गृह्णी यात कुर्या न्नन्यस्य संग्रहम् ॥ १ ॥

दो कौपान एक आच्छादन वस्त्र तथा एक खड़ाऊं के अति-
रिक्त और कुछ संग्रह न करे ॥ १ ॥

दंडात्मनोस्तु संयोग सर्व दैव विधीयते।
न दंडेन विना गच्छेदिषु क्षेपत्रयं बुद्ध ॥ २ ॥

दंडसे सर्वदा शरीह का सम्बन्ध रखना दण्ड के विना बुद्धि
मत्व तीन डग भी न जाय ॥ २ ॥

दंड त्यागे शतं चरेत् ॥ ३ ॥

दंड त्याग करने पर शतं प्राणायाम करे ॥ ३ ॥

न शीतं नचोषजं न दुःखं न सुखं न माना।
वमानेच षडर्मि वर्जत् ॥ ४ ॥

शीत, उष्ण, दुःख, सुख, मान अपमानी यह ६ वस्तु त्याग
देनी चाहिये ॥ ४ ॥

निंदा गर्व मत्सर दंभदर्पैच्छाद्वेष सुख दुःख काम।
क्रोध लोभ मोह हर्षा सूयाहं कारादिश्चहित्वा ॥ ५ ॥

जो, गर्व, मत्सर, दंभ, दर्प, इच्छा, द्वेष, सुख, दुख काम, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष, असूया, अहंकारादि को छोड़ कर ॥ ५ ॥

स्व वपुः कुणपभिवद्दश्य तथे ।
तस्तद पुर मध्वस्तं ॥ ६ ॥

अपने शरीर को मुर्दा समझे क्योंकि ज्ञान होने के बाद शरीर तो मरा ही हुआ है । इस लिये योगी को निन्दा त्याज्य है ॥ ६ ॥

अनित्याशुचि दुःखानात्म सुनित्य ।
शुचि सुखात्मख्यातिरविद्या ॥ ७ ॥

अनित्य, अशुचि, दुःख, अनात्म बुद्धि सुख, आत्मख्याति यह सब अविद्या के स्वरूप हैं ॥ ७ ॥

गवां सर्पि शरीरस्थं न करोत्यं गपोषणं ।
तदेव कर्म रचितं पुनस्तस्यैव भैषजं ॥
एवं सर्व शरीरस्थ सर्पिवत्परमेश्वरः ।
विना चोपासनां देवो न करोति हितं नृषु ॥८॥

जैसे गऊ के शरीर में रहता हुवा दूध और घी अङ्ग पोषण के लिये नही होता, यदि वही अलग कर लिया जाय तो पुष्टिकारक होगा । इसी प्रकार सम्पूर्ण शरीर व्यापी ईश्वर विना उपासना के फल नहीं देता ॥ ८ ॥

ज्ञानदंडोधृतोयेन एकदंडोसउच्यते, काष्टदंडोधृतो-येन सर्वाश ज्ञान वर्जितःस याति नरकान्घोरान् महारो-रेव संज्ञितान्। तितिक्षा ज्ञान वैराग्यशमादिगुणवा-र्जितः भिक्षामात्रणेयोजीवीत्सपापो यतिं वृत्तिहा ॥९॥

भिक्षा का पात्र वही है कि जिसने ज्ञान दण्ड धारण किया है और जिसने दर्शनीय काष्ठदंड धारण किया है वह महारौरव में पड़ता है। तितिक्षा, ज्ञान, वैराग्य शमादि गुणों से वर्जित जो भिक्षा मात्र से जीता है वह यति वृत्ति नष्ट करने वाला है॥ ९॥

यतिपरमहंसस्तुतुर्याख्यश्रुति चेदतिः।
यमश्चेनियमेयुक्तोविष्णुरूपित्रिदंडभृत् ॥१०॥

चतुर्थ अवस्था में श्रुति से कहे मार्ग से यम-नियम से युक्त विष्णु-रूप भी दण्ड को धारण करने वाले ही परमहंस होते हैं॥ १०॥

नचोत्पातनिमित्ताभ्यां न नक्षत्रांगविद्यया।
नानुशासन वादाभ्यांभिक्षांलिप्यतेनकर्हिचित्॥
एककालं परेत्भैक्ष्यं न प्रसज्जेतविस्तरे।
भैक्ष्येप्रसक्तोहियति विषयेश्चपिसज्जति ॥११॥

उत्पात का कथन, नक्षत्र विद्या द्वारा या बहस करके संन्यासी का भिक्षा नहीं देनी। एक समय भिक्षा करनी चाहिये, विस्तर

पर नहीं सोना चाहिये, भिक्षा में जो यति असक्त हैं वह विषयों में भी असक्त हो जायगा ॥ ११ ॥

आशांम्बरोनिंनमस्कारो न स्वद्याकारानेनिंदांस्तु-
तियद्रिंच्छिकोभवेत् भिक्षुनवाहनं नविसर्जनं-
न मंत्रं न ध्यानं नोपासनं न लक्ष्यं नालक्ष्यं-
न पृथङ्ग नापृथङः न चाहं न त्वं न च सर्वं चानि-
केतस्थितिरेवसभिक्षुः सौवर्णादिनां नैव
परिग्रहेतल्लोकं नावलोकयेच्या ॥ १२ ॥

आशा से दूर, स्वाहा; स्वधाकार से वर्जित, निन्दा स्तुति रहित, आवाहन, विसर्जन, मंत्र, ध्यान, उपासना लक्ष्य पृथक् लक्ष्य, आदि न करने चाहिये। निर्वाहस्थान में स्थित दीप की तरह से रहे वही भिक्षु है। न लोक वासना रक्खे, स्वर्णादि किसी से न ले ॥ १२ ॥

योभवेत्पूर्व संन्यासी तुलयावै धर्मतोयवि ।
तस्मैप्रणामः कर्त्तव्योनेतरायकदाचन ॥१३॥

जिसने अपने से पहिले संन्यास लिया होय उसको नमस्कार करना। दूसरे को कभी नहीं।

स्वमाहृतपर्णेषु स्वयंशीर्णेषु वापुनः ।
भुंजीतनवटाश्चत्यकरं जानांचमंणके

आपद्यापिनकांस्येषुमलाशीकांस्यभोजनः,

सौवर्णेराजतेताम्रेमृत्मयेत्र पुशीसयोः ॥१४॥

आपत्ति आने पर भी अपने लाये हुये पत्ते पर खाये और लाये कुश पर सोये) कांसी, सोना, रूपा, ताम्र, कलई शीशा आदि धातु वालों में नहीं खाना चाहिये ॥ १४ ॥

एकए व चरोंभित्यं सिध्यार्थेमसहायकः ।

सिद्धिमेकस्थपश्यन्हो तज्जहाति नहोयते ॥१५॥

एकान्त सिद्धि के लिये इकला विचरे, नौकर आदि को साथ न रक्खे ऐसे पुरुष को न कुछ त्याज्य है न उसे कोई त्यागता १५

स्थावरं जंगमं बीजं तैजस विषया युधं ।

षडेतानि नग्रहणीया द्यतिमुत्र पुरीषवत् ॥१६॥

आसन, पात्र का लोभ, संचय, शिष्य संग्रह, दिवा और सोना वृथा बोलना यह छः संन्यासी के लिये बन्धन के कारण हैं स्थावर, जंगम, विढ़, तैजस, विषम, आयुध इन सबको मूत्र और पुरीष की तरह त्याग देना चाहिये ॥ १६ ॥

योऽन्यथासंतमात्मानमन्यथाप्रतिपाद्यते ।

किं तेन न कृतंपापं चौरेणात्मापहारिणा ॥१७॥

जो वास्तवमें कुछ और है, और अपनेको कहता है कुछ और उस आत्म वंचक से क्या बचा ? उसने सब पाप कर लिये ॥१७॥

असुर्यानामतेलोकाअन्धेन तमसाऽवृता:
तांस्तेप्रत्यापि गच्छतियेकेचात्महनोजना: ॥१८॥

जो आत्मघाती पुरुष हैं वे असुर सम्बन्धी तथा घोर अंधकार में लीन हैं, इसीं को वह मरणान्त में पाते हैं ॥ १८ ॥

अनादि निधनं विष्णुं सर्वलोकमहेश्वरं ।
लोकाध्यक्षंस्तुवन्नित्यं सर्वदुखातिगोभवेत् ।१९।

अनाद्यनन्त सर्वलोकाध्यक्ष महेश्वर सर्व लोक पति विष्णु को स्मरण करने से सम्पूर्ण दुःखों से छूट जाते हैं ॥ १९ ॥

अदीक्षितायेकुर्वन्ति जपपूजादिका: क्रिया: ।
निष्फलं तत्प्रिये तेषांशीलायामुप्तबीजवत् ॥२०॥

हे प्रिये! सद्गुरु से दीक्षा लियें बिना जो पूजादि क्रिया करते हैं उनकी वह सब क्रिया निष्फल जाती हैं, जैसे ऊसर में बीज बोया ॥ २० ॥

यत्पूर्णानन्दैक बोध स्तद्ब्रह्माह-
मस्मितिकृतकृत्यो भवति ॥२१॥

जब पूर्णानन्द का बोध होता है, तब "ब्रह्मास्मि" यह ज्ञान होकर कृत्य कृत्य हो जाता हूँ ॥ २१ ॥

वंधंहार्दनिवारयत् ।
सुमर्थ मखिलं देयाद्दियातितोर्थ महेश्वर: ॥२२॥

जीवन मुक्ति विवेक के द्वारा हृदय बंधन नाश करते हुये तीर्थ रूपी गुरु से अभिन्न श्री महेश्वर सम्पूर्ण पुरुषार्थ दो ॥२२॥

संगंत्यजेत मिथुन वृत्ति नां मुमुक्षु ।
सर्वात्मना न विसृजेत् बहिरिन्द्रियाणि ॥ २३ ॥

प्रवृत्ति वाले पुरुषों का संग न करो, सर्वात्म भाव से मुमुक्षु बहिरिन्द्रियों का दमन करे ॥ २३ ॥

भेदाभेदोसपदिगलितोपूण्य पाप विशीर्णो,
मायामोहोच्चयमधिगतौ नष्ट संदेह वृत्तिः ।
शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्यतत्वायबोधं,
निस्त्रैगुण्येपथि विचरतां कोविधिः कोंनिषेधः ॥२४॥

सपदि भेदा भेद, पुण्य पाप, माया मोह, संदेह वृत्ति के नष्ट होने पर शब्द से अतीत, त्रिगुण रहित आत्मबोध प्राप्त त्रिगुण रहित पथ में विचरने वाले के लिये क्या विधि और क्या निषेध है ॥ २४ ॥

सर्वत्रावस्थितं शान्तं न प्रपद्ये जनार्दनम् ।
ज्ञानचक्षुर्विहीनत्वादंधः सूर्यमिवोदितं ॥२५॥

सर्व व्याप्त शान्त परमात्मा को जो नहीं देखता, ज्ञान चक्षु से रहित उसे उदय कालीन सूर्य को न देखने वाले अन्धे की तरह समझो ॥२५॥

कृपान्वलोक तोयेषा गविद्या या.ति संन्नवं ।
परमात्म स्वरूपा स्नद्गुरुन् प्रणतोस्माहम् ॥२६॥

जिसके कृपा कटाक्ष से अविद्या नष्ट हो जाती है, उस परमात्म स्वरूप गुरु को नमस्कार है ॥ २६ ॥

इष्टमिष्टमिदं नेतियोऽनन्नपिन सज्जते ।
हितं सत्यं मितं वक्तुं तमजिह्वं प्रचन्नते ॥ २७ ।

जो इष्ट अनिष्ट को "नहीं समझता, जो खाना नहीं जानता हित् सत्य और मित बोलने वाले उसे गूंगा समझो ॥ २७ ॥

अद्य जातांयथानारी तथाशोडषवार्षिकिम् ।
शतवयचि योद्रष्ट्वानिर्विकारसषंठकः ॥२८॥

आज उत्पन्न होने वाली षोडशी या वृद्धा को देख कर जिसका मन विकृत नहीं होता उसे षण्ढक कहा है ॥२८॥

वर्णाश्रमादयोदेहे माययापरिकल्पताः ।
मात्मनोबोधरूपस्यममतेसन्ति सर्वदा,
इतियावेद्वेदान्तेः सोतिवर्णाश्रमी भवेत् ॥२९॥

वर्णाश्रमादिक देह के विषय हैं, आत्म बोध रूप में यह रहते नहीं, मैं बोध स्वरूप हूँ ऐसे व्यक्ति के लिये वह कुछ नहीं ।२९।

यस्यवर्णाश्रमी चारो गलितः स्वात्मदर्शनात् ।
सवर्णानाश्रमाना सर्वनितित्य स्वात्मविस्थितः ॥३०॥

आत्म साक्षात्कार होने के बाद जिसका वर्ण और आश्रम का आचार गलित हो गया वह सर्ववर्णाश्रमों को अंगीकार करके अपनी आत्म स्थिति लाभ है ॥३०॥

न देहो नेद्रियप्राणो न मनो बुध्यहं ।
कृति न विर्श नैव माया च नचव्योमादिकं जगत् ॥
न कर्ता नैव भोक्ता च नच भोजयिता ।
तथा केवलंचित्सदो ब्रह्मैवात्मायथार्थतः ॥३१॥

देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि अहंकार, मायाव्योमादि जगत तथा कर्ता, भोजयिता यह सब कुछ नहीं केवल एक मात्र चित्सद ब्रह्म ही यथार्थ है ॥ ३१ ॥

उत्पद्यमानारागाद्याविवेकतानवन्हिनातदा ।
तदैवदह्यन्तेकुलस्तेषां प्ररोहणां ॥३२॥

रागादि तृणों को उत्पन्न होते ही जो विवेक वन्हि से जला देते हैं उन्हीं का कुल बढ़ना है ॥ ३२ ॥

यथानिरंधनोर्वान्ह स्वयोनावुपशाम्यति ।
तथा वृत्तिक्षयाचित्तं स्वयोनावुपशाम्यति ॥३३॥

जिस प्रकार इंधनके विना वह्नि स्वयं शान्त हो जाती है, उसी प्रकार वृत्ति क्षयसे चित्त स्वयं शान्त हो जाता है ॥ ३३ ॥

अपकारिणे कोपश्चेद कोपेकोपा कथंनते।
धर्मार्थकाम मोक्षाणां प्रसह्यपरिपंथिनी ॥३४॥

यदि तुम्हें अपने अपकारि पर ही क्रोध आता है तो धर्म अर्थ काम मोक्ष रूपी रत्नोंको नष्ट करने वाले अपकारी क्रोध पर ही तुम्हारा क्रोध क्यों नहीं होता ॥ ३४ ॥

फलान्वितोधर्म यशोर्थनार्थनाशनः।
सचेत्रपाथः स्वशरीरतायनः न चहे ना मुत्र,
हिताय यः सतांमनांसिकोपः समुपाश्रयेत् कथं ॥३५॥

क्रोध यदि अन्य की हानि रूप फलका होने वाला है तो हे पर्थ क्रोध करने वालेका ही धर्म, अर्थ, तथा यश नाश करता है यदि उसका फल दूसरे को न दे सको तो अपने शरीर को ही नष्ट करता है भला जिससे इस लोक और परलोक दोनों में भलाई नहीं ऐसा क्रोध सज्जन कैसे अपने चित्तमें रक्खेंगे ॥ ३५ ॥

निवृतो व्रजतोवापियस्य चक्षुर्नदूरगम्।
चतुर्युगांत्यक्त्वा परिव्राटसोऽन्ध्यउच्यते ॥३६॥

बैठे या चलते जिसकी दृष्टि १६ हाथ आगे नहीं जाती वह परि व्राट अन्धा कहा गया है॥ ३६ ॥

ननिन्दां नस्तुतिं कुर्यान्नकिंचिन्मर्माणिस्पृशेत्।
नातिवादिभवेद् तसर्वत्र समोभवेत् ॥

न संभावेत्स्त्रियंक्वांचित्पूर्वद्रष्टां चनस्मरेत् ।
कथांवच्चर्जयेत्तासां नमश्येल्लिखितामपि ॥३७॥

न निन्दा करो न स्तुति करो न कोई मर्म छूओ ज्यादह न बोले समभाव से रहे किसी स्त्री से न बोले देखकर स्मरण न करे, स्त्री का चित्र भी न देखे ॥ ३७ ॥

यो जागर्ति सुषुप्तिस्थोयस्य जाग्रत विद्यते ।
यस्य निर्वासनोबोधः सजीवन्मुक्तउच्यते ॥३८॥

जो सुषुप्ति में जागता है, जो विद्या रूप निद्रा में सोता है, जिसको निर्वासना बोध है उसे जीवन मुक्त कहा गया है ॥ ३८ ॥

हृदयात्सं परित्यज्यसर्वमेव महामतिः ।
यस्तिष्ठतिगतव्यग्रसमुक्तपरमेश्वरः ॥३९॥

जो महापुरुष हृदयमें से सर्व विषय वासनाओं को त्यागकर चित्तकी व्यग्रता से मुक्त है वह महा पुरुष परमेश्वर है ॥ ३९ ॥

विचारितमलं शास्त्रं चिरमुद्ग्राहितं मिथः ।
संत्यक्त वासना न्मौनाद्रतेनास्त्युतमंपदं ॥४०॥

पूर्ण रीति से शास्त्र का विचार किया होय चर्शा के द्वारा उसे ग्रहण किया होय जिसने वासना त्यागदो होय और मौन हो उसे उत्तम कोई पद नहीं ॥ ४० ॥

नियम

अहिं सा, सत्या,स्तेय, ब्रह्मचर्यापरिग्रहायमाः ।

शौच, संतोष, तप स्वाध्यायेश्वर प्रणिधानानिनियमाः ॥४१॥

यम, नियम, अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह यम, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रतिधान यह नियम है ॥ ४१ ॥

पवित्रता, संतोष, तप, स्वाध्याय ।

यमान सेवेत सततं ननित्यं नियमान बुधैः ॥

यम न पतत्य कुर्वाणो नियमान केवलाइ भजन् ॥४२॥

चतुर पुरुष को सर्वदा यमों का सेवन करना चाहिये सदा नियमों के पालन से यम की भी चिन्ता नहीं क्योंकि यमको न सेवन करने वाला केवल नियमों के द्वारा पतित होता है ॥४२॥

द्ं विषयान् प ंचमनश्चैवाति ।

चंचलंचिरायेदात्यनारेश्मिन् प्रत्याहारः सउच्यते ॥४३॥

शब्दादि पांच विषयों के कारण पांच इन्द्रिय तथा चञ्चल मनको विषयों से रोक आत्म ज्योति के चिन्तन में लगना प्रत्याहार है ॥ ४३ ॥

मनः संकल्पकं ध्यात्वा संक्षिप्यात्मनि बुद्धिमान ।

धारयित्वा तथात्मानं धारणासाप्रकीर्तिता ॥४४॥

सर्व सङ्कल्पों को छोड़कर मनकेवल आत्मा का ही चिन्तन करे उसे धारणा कहते हैं ॥ ४४ ॥

निग्रहीतस्यमनसो निर्विकल्प सधोमतः ।
प्रचारः सतुविज्ञेयः सुषुत्प्यन्योत्समः ॥
लियतेत सुषुप्तोहिन्नि गृहीतं न लियते ।
तदेव निर्भयं ब्रह्मज्ञानालोकं समंततः ॥४५॥

बुद्धिमान मनुष्य का निगृहीत मन सुषुप्ति के तुल्य न होकर उससे विलक्षणता वाला है क्योंकि सुषुप्ति में मन लय हो जाता है और निग्रह किया मन लय नहीं प्राप्त करता । वही निर्भय ब्रह्म है । जबकि पुरुष चतुर्थ अवस्था में पहुंचाता है ॥ ४५ ॥

पांडुक्योपनिषद्

यदा नलीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः ।
अनिङ्ग नमना भासं निषपन्नं ब्रह्मतत्तदा ॥४६॥

जब चित्त न लीन होता और न विक्षेप प्राप्त करता और अचल तथा अनादक हो जाता है तो ब्रह्मरूप हो जाता है ॥४६।

समाधि निधूंत मलस्य चेतसो ।
निवेशतस्यात्मनि यत्सुखं भदेत् ॥

नशक्यते वर्णयितुं गिरा तदास्वयं ।

तदंतःकरणेन गृह्यते ॥ ४७ ॥

समाधि से पवित्र हुवे मनको आत्मा में लगाने वाले को जो सुख होता है, उसको वाणी नहीं कह सकती वह केवल अन्तःकरण के अनुभव की वस्तु है ॥४७॥

यदापं चावितिष्ठं ते ज्ञानानी मनसासह ।

बुद्धिश्चनविचेष्टते तमाहुपरमांगति ॥४८॥

जब मन सहित पांचो ज्ञानेन्द्रिय स्थिरता को प्राप्त होती हैं तथा बुद्धि भी व्यापार नहीं करतो वही अवस्था सर्वोराम कही गई है ॥ ४८ ॥

तद्यथा अहिनिलवमनी बल्मिके-

मृतामत्यस्तां एव मवेदं शरीर सेते ॥ ४९ ॥

जिस प्रकार सांप केंचुलां छोड़ कर फिरता है उसी प्रकार शरीर भी अलग रह कर सोता है ॥ ४९॥

तत् सन्निधौवैरत्याग क्रियाफ ज्ञाल्लाबितकं ।

रत्नोपस्थानंवीर्य लाभः (जननादि भयाभावः)

जन्म कथता संबोधः शौचात्स्वांग जुगुत्सापरै

रसंसर्ग सत्वशुद्धिः सौमनस्यैकाग्रयेन्द्रियजयात्म,

दर्शनयोग्यत्वानि च संभवन्ति ।

संतोषादनुत्तमः सुखलाभः,
कार्येन्द्रिय बुद्धि शुद्धिरशुद्धिक्षया तपसः।
स्वाध्यायादिष्ट देवता संप्रयोगः॥
समाधिसिद्धिरीश्वर प्रणिधानात्॥ ५० ॥

अहिंसा की प्राप्ति में वैर त्याग, वाणी के द्वारा दूसरे को क्रिया तथा उसका फल देने की सामर्थ्य आती है। अनिच्छा होते हुये भी योगी को सर्व रत्नों की प्राप्ति होती है. शौच से सत्व शुद्धि सुमन से एकाग्रता तथा इन्द्रिय जय तथा आत्म दर्शन की योग्यता। सन्तोष से अनुत्तम सुखलाभ होता है, तपस्या से कार्येन्द्रिय वुद्धि का शुद्ध तथा अशुद्धता नष्ट होता है। स्वाध्याय से इष्ट देवताओं का संप्रयोग इश्वरके प्रतिधान से ईश्वर सिद्धि होती है॥ ५०॥

अच्छेदांङ्म मनसिप्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान।
आत्मबिज्ञानमात्मनिमहति,
नियच्छे तद्यच्छेच्छांत आत्मनि॥५१॥

वाणी को मनमें, मनको ज्ञानात्मा में, ज्ञानात्मा को विशेष अहंकार में विशेष अहंकार को सूक्ष्म में एवं सूक्ष्म अहंकार को शुद्ध चैतन्य आत्मा में कल करना चाहिये। ५१॥

मौनंयोगासनं योगस्तिनिक्षैकान्तशीलता ।
विस्पृहत्वं समत्वं च सप्ततौन्येकदंडिनः ॥५२॥

मौन, योग, आसन, तितिक्षा, एकान्त-शीलता, निस्पृहत्व यह एक दण्डधारी संन्यासी के लक्षण हैं ॥ ५२ ॥

अात्मसंस्थं मनः कृत्वा न किं चिदपिचिंतत्येत् ॥५३॥

आत्मामें मनको लगाकर और कुछ भी चिन्तन न करे ॥ ५३ ॥

द्वौ क्रमौ चित्तनाशायं योगी ज्ञानं च
राघवं योगस्तद्वृत्तिरोधोहिज्ञानंसम्यगवक्षण
असाध्यः कस्य चियोगः कस्यचितज्ञानंनिश्चयः
प्रकारौद्वौ ततो देवो जगाद परमेश्वरः ॥५४॥

हे राघव ! मन। नाश के दो उपाय है १–योग और २–ज्ञान, योग वृत्तियों के निरोध को तथा ज्ञान आत्म दर्शन से होता है। किसी किसी को ज्ञान देर से होता है, किसी किसी को अभ्यास देर से होता है, ईश्वर ने यह दो ही उपाय कहे हैं। दीर्घकाल के निरन्तर अभ्यास से ही यह साध्य है ॥ ५४ ॥

द्रष्टानुश्रविक विषयवितृष्णस्य वशीकार !
संज्ञा वैराग्यं ॥ ५५ ॥

प्रत्यक्ष तथा सुने हुवे विषयों से तृष्णा रहित पुरुष उस विषय में जो तितिक्षा उसे वशीकार वैराग्य कहते हैं ॥ ५५ ॥

चित्तेऽर्थविरतेर्नाशात् सत्वात्मनिस्थिते ।
शुद्धे सत्वापत्तिरुदाहृता दशाचतुष्टया ॥
भ्यासादसंसर्गफलातुयारूढ सत्वचमत्कारा
प्रोक्ता भूमिकापं चकाभ्यासात्स्वात्मारामतया
संसक्तिनामिका भृशंयाभ्यां तराणां वाथानां-
पदार्थानाम भावनात् । परत्युनचिरंप्रयत्नेनावबोधनं ।
पदार्थाभाविनिनाम षष्ठि भवति भूमिका ।
भूमिषटक चिराभासाभ्देद स्वानुयंत्लं भवात् ।
यतस्वभावैकनिष्टत्वंसाज्ञेयातुर्यगागतिः ॥५६॥

हमें अपने स्वरूप को देखना चाहिये। उसके लिये वैराग्य आदि साधनों की आवश्यकता है। इच्छा और शुभेच्छा नाम की प्रथम भूमिका कही गई है। गुरु-सेवा तथा स्वधर्म का निरन्तर श्रवण मनन करना और उसीमें रत रहने को विचारणा नाम वाली दूसरी भूमिका समझो। विचारणा तथा शुभेच्छा दोनों भूमिकाओं के अनुभव के बाद इन्द्रियां अपने अपने विषय को ग्रहण न करें और मन की संकल्प अवस्था सम हो जाय उसे तनु मानस नाम की तीसरी भूमिका कहते हैं। तीनों भूमिकाओं की सिद्धि प्राप्ती के बाद सभी बाह्य विषयों से निवृत्ति एवं उपरामता हो जाने पर चित्तशुद्धि अर्थात माया

और उससे उत्पन्न होने वाले कर्मों का न्यास हो जावेगा। तदन्तर त्रिपुटी का सत्य स्वरूप आत्मा में लय होगा और विकल्प समाधि रूप जो स्थिति होगी उसका नाम सत्वापत्ति नाम की चौथी भूमिका है। चारों भूमिकाओं के बाद बाह्यान्तर विषयों से संग्रहित होकर समाधी की परिपक्व अवस्था की प्राप्ति से परमानन्द ब्रह्म साक्षात्कार युक्त जो चित्त की अवस्था होती है उसका नाम असंसक्ति अर्थात पांचमी भूमिका है। पांचमी भूमिका क अभ्यास से जब आत्मा के विषय में अत्यन्त रती हो और बाहर व भीतर के पदार्थों की प्रतीति न हो और जब अत्यधिक प्रयत्न करने पर पदार्थों का भान न हो, इस प्रकार की जो अन्तः-करण की अवस्था हो उसका नाम पदार्थ भाविनी नाम की छठी भूमिका है। दीर्घ काल तक उक्त छः भूमिकाओं का अभ्यास होने पर जब प्रयत्न करने पर भी भेद की प्रतीति न हो और जब चित्त केवल स्वरूप में ही लीन हो जाता है तब तुर्यानाम की सातवीं भूमिका सिद्ध होती है।

श्री वसीष्ट मुनि ने उक्त सात भूमिकाओं में से प्रथम तीन भूमिकाओं को जाग्रत अवस्था वाली कही हैं। यह सही भी है। यह जगत जाग्रत भेद बुद्धि से ही दीखता है। और पीछे की सभी भूमिकाओं में नाम रुपात्मक जगत का लोप हो जाता है। 'मैं' और 'मुझसे भिन्न' इस प्रकार का भेद नहीं रहता। इस प्रकार जो सद्ज्ञान प्राप्त होता है मुमुक्षु उसी की उपासना करते हैं।५६।

द्वैत्यन्नास न सद्र मोनाहं नाप्यन हंकृति ।
केवलं क्षीण मनन आस्ते क्यनिर्गतः ॥
अद्वैतं केचिदिच्छन्तिद्वैत मिच्छन्ति केचन ।
समंब्रह्म न जानन्ति द्वैताद्वैत विवर्जितं ॥
अंतः शून्योबंहिशून्यः शून्यकुंभरुपांबरे ।
अन्तः पूर्णो बहिपूर्णः पूर्ण कुंभश्र्वार्ण वे ॥५७॥

सुपुप्ति नाम की पांचमी भूमि को प्राप्त होने पर जिसकी सभी भेद रूप आशाएं निवृत्त हो जाती हैं ऐसा पुरुष केवल अद्वैत स्वरूप में स्थित् रहता है। वह बाहर के सभी व्यवहार करता हुआ भी सदा अन्तर्मुखी रहता है और थका हुआ सोया हुआसा माल्लूम देता है। इसके अभ्यास में जो योगी रत है वह वासना रहित होकर गाढ़-सुषुप्ति नाम की अवस्था को प्राप्त होता है। इस अवस्था में वह न सतरूप है न असत् रूप, अहंकारी या अहंकार रहित वाला नहीं—केवल मनन रहित ऐसा पुरुष द्वैत तथा अद्वैत से रहित रहता है। कितने ही द्वैत को चाहते हैं तो कितने ही अद्वैतताको, परन्तु यह सर्वत्र सम ब्रह्म तो दोनोंसे रहित है। वह तो वाहर तथा भीतर आकास के भांति पूर्ण है। गाढ़ निर्विकल्प समाधि की प्राप्त वाले कीतरहां संस्कार रूप से शेष रहता है।

मनसश्चेन्द्रियाणां च एकाग्रयं परमं तपः ।
तज्ज्यायः सर्वधर्मेभ्थः सधर्मः परउच्यते ॥५८॥

मन और इन्द्रियों की एकाग्रता ही परम् तप है। और यह तप सर्व धर्मों मे श्रेष्ठ है ॥ ५८ ॥

श्रद्धावां लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः ।
ज्ञानं लब्ध्वापरांशांति मचिरेणाधि गच्छति ॥५९॥

श्रद्धा वाले को ज्ञान प्राप्त होता है, उससे जितेन्द्रिय होता है। और ज्ञान प्राप्ति से शीघ्र ही स्थाई शान्ति मिल जाती है ॥ ५९ ॥

तस्य पुत्रादाय मुपयन्ति ।
सुहृद साधु कृत्यांद्विषः तः पापकृत्याः ॥६०॥

उसका उत्तराधिकार शिष्य या पुत्र ग्रहण करता है उसका मित्र पुण्य कमाता है और द्वेषी पाप कमाता है ॥ ६० ॥

यस्यानुभवपर्यंतातत्वेबुद्धिप्रवर्त्त ।
तद्दृष्टिगोचर सर्वेमुच्यन्ते सर्वपातकै ॥६१॥

जिसके साक्षात्कार होने तक तत्व के विषय में बुद्धि चलती है, उसकी दृष्टि में पड़े हुये सब जीव सर्व पाप मुक्त हैं ॥ ६१ ॥

सर्ववेदं संवाएततत्सत्रंयन्मरणं तदेव भृथः ।
लीयन्तेयत्र भूतानि निर्गच्छन्तियतः पुनः,
तेनलिंगपरं व्योमः निष्कलः परमः शिवः ॥६२॥

जिसमें सर्व भूत भौतिक प्राणी लय पाते तथा जिसमें से पुनः उत्पन्न होते हैं वह श्री सदा शिव का ज्योति स्वरूप लिङ्ग कहलाता है ॥ ६२ ॥

आत्म क्रीडा क्रीडे आत्मरति ।

क्रियावानेष ब्रह्मविदं वरिष्ठः ॥६३॥

आत्माराम में क्रीड़ा करने वाला आत्म क्रियावान् है वह वेत्ताओं में श्रेष्ठ है ॥ ६३ ॥

निमेशार्धं न तिष्ठन्ति वृत्तिब्रह्ममयोविना ।

यथा तिष्ठन्तिब्रह्माद्याः सनकाद्याः शुकादयः ॥६४॥

ब्रह्ममयी वृत्ति विना निमेषार्ध भी नहीं ठहर सकते जिस प्रकार ब्रह्मा, सनक और शुकदेवादिक ॥ ६४ ॥

दास्तेहं देह द्रष्यास्मि शंभो

जास्तेन्सो जोवद्रष्ट्यात्रि द्रष्टे ॥

सर्वस्यात्मन्न सात्म द्रष्टय ।

स्त्वमेव इत्येवं धोनिश्चिता सर्पणशास्त्रः ॥६५॥

हे शंभो ! देह दृष्टि में मैं आपका दास हूं, त्रिपिष्टि देखते हुवे जीव और आत्म दृष्टि से आपका स्वरूप हूँ । इस प्रकार सर्व शास्त्रों का निश्चय है ॥ ६५ ॥

विश्वेशो जनको उमाच जननी गंगा च मात्रीश्वसा।
ढुंडीव भैरव दंडपाणीसदृशाज्येष्ठमम भ्रातरम् ॥
सा काशीमणिकर्णिका च भगिनी जायाममेयंमती।
सत्कर्माणि सुतासदैवशुभदाकाश्यां कुटुंब मम ॥६६॥

विश्वेश जनक, उमा जननी, गंगा मौसी, ढुंढी भैरव दण्ड पाणी जैसे मेरे बड़े भाई। वह काशी मणि कर्णिका भगिनि, तथा बुद्धि स्त्री सत्कर्म लड़के सर्वदा शुभ फल देने वाली काशी में मेरा सब कुटुम्ब है ॥ ६६ ॥

शिवः शिवोक मस्मिति वादिनं यत्र व कश्चन।
आत्मवासहतादात्म्यै भागिनं कुरुते भृशम् ॥६७॥
श्री गौर्या सकलार्थदा निजयदा भोजेन मुक्तिप्रदम्।
मौढं विघ्नवनंहरन्त मवद्यं श्रीढुंडो तुंडा सीना ॥
वंदे चर्म जपालि कापे करणैः वैराग्यसौख्यात्परम्।
प्रदिसन्तमन्त विधुरं श्री काशोकेशं भजे ॥६८॥

श्री गौरी सकल अर्थको देने वाली, स्वयं मुक्ति प्रदाता, विशाल वन रुपी मनको जलाने वाले ढुंढीराज ऐसी शस्त्र चर्म कपालि वैराग्य में सुख मानते हैं, नहीं है ऐसी वार्णासे विधुर श्री काशी पति को भजो ॥ ६७ ॥ ६८ ॥

प्रातर्वैदिक कर्मतः तदनु रत् वेदान्त संचितथा ।
पश्चात् भारतमोक्ष धर्म कथया वासिष्ठ रामायणात् ॥
सायं भागवतार्थ तत्व कथया रात्रौनिदिध्यासनात् ॥
कालोगच्छतु न शरीर मरणं प्रारब्ध कंठार्पितं ॥६९॥

सुबह वैदिक कर्म, इसके बाद वेदान्त चिन्तन इसके पीछे महाभारत मोक्ष धर्म कथा, रामायण, योग—वाशिष्ठ तथा सायंकाल भागवतके अर्थ की तत्वकथा, रात्रिमें निदिध्यासन इस प्रकार जिस व्यक्ति का समय व्यतीत होता है, उसको शरीर का मरण नहीं होता उसके गले में प्रारब्ध रुपी माला पड़ी है ॥६९॥

वस्त्रैश्च भूषणैश्चैव शोभास्यात् वाहयोषिताम् ।
विद्यया तपसाश्चैव राजन्ने द्विजनन्दना ॥७०॥

वस्त्र और भूषण से वेश्याओं की शोभा होती है विद्या और तप से द्विज बालक शोभित होते हैं ॥ ७० ॥

आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्यितिपुरुषः ।
किमिच्छत् कस्य कामाय शरीरमनु संज्वरेत् ॥७१ ॥

आत्मा को यह जानना है कि यही परम पुरुष है। फिर क्या चाहता हुवा, किस काम के लिये शरीर को पीड़ित करता है ॥ ७१ ॥

विचारित मलंशास्त्रं चिरमुद्ग्राहिनंमिथः ।
संन्त्यक्तवासनान्मौनादृतेनास्त्युत्तमं पदम् ॥७२॥

अद्वैत शास्त्रका विचार तथा गुरु शिष्य संवाद द्वारा वासना त्याग तथा वाणी संयम से बढकर कोई उत्तम पद नहीं ॥ ७२ ॥

दर्शनादर्शनेहित्वा स्वयं केवल रूपतः ।
यस्तिष्ठति सतुब्रह्मन् ब्रह्म नब्रह्मत्स्वयम् ॥७३॥

ब्रह्म को जानता हूँ, या ब्रह्म को नहीं जानता इस झगड़े को छोड़कर जो महा पुरुष अद्वितीय चैतन्य रूपसे आदर्श स्थापित करता है वह परब्रह्म ही है ॥ ७३ ॥

शक्यं जेतुं मनोराज्यं निर्विकल्पसमाधितः ।
सुसंपादः क्रमात् सोऽपि सविकल्प समाधिना ॥७४॥

निर्विकल्प समाधि से मनो राज्यको जीत सकता है, और वह भी क्रमसे सविकल्प समाधि से साध्य है ॥ ७४ ॥

बुद्ध तत्वेन धीदोष शून्ये नैकान्त वासिना ।
दीर्घं प्रणव मुच्चार्य मनोराज्यं विजीयते ॥ ७५ ॥

धी दोष शून्य, एकान्त वासी बुद्धि तत्व के द्वारा दीर्घ ओंम उच्चारण कर मनोराज्यको जीति सकता है ॥ ७५ ॥

जिते तस्मिन् वृत्ति शून्यं मनस्तिष्ठति मूकवत् ।
एतत्पदं वशीष्ठेन रामाय बहु धेरितम् ॥ ७६ ॥

